विषय कोड :
Subject Code : **119**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**E**

# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2021
## (ANNUAL)
## BIOLOGY (ELECTIVE)
## जीव विज्ञान (ऐच्छिक)
## I. Sc. (TH.)

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

119-

कुल प्रश्नों की संख्या : 70 + 20 + 6 = 96
**Total No. of Questions : 70 + 20 + 6 = 96**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 24
**Total No. of Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 70)
[ Full Marks : 70 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*

***Instructions for the candidates :***

1. ***Candidate must enter his / her Question Booklet Serial No. (10 Digits) in the OMR Answer Sheet.***
2. *Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*
3. *Figures in the right hand margin indicate full marks.*
4. *15 minutes of extra time have been allotted for the candidates to read the questions carefully.*
5. *This question booklet is divided into two sections — **Section-A** and **Section-B**.*

## खण्ड - अ / SECTION - A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। किन्हीं 35 प्रश्नों का उत्तर दें।*

***35 × 1 = 35***

*Question Nos. 1 to 70 have four options, out of which only one is correct. You have to mark your selected option, on the OMR-Sheet. Answer any 35 questions.* *35 × 1 = 35*

1. एकिडना है

(A) योजक कड़ी (B) अवशेषी अंग

(C) विलुप्त कड़ी (D) इनमें से कोई नहीं

Echidna is

(A) Connecting link (B) Vestigial organ

(C) Extinct link (D) None of these

2. डोडो है

(A) विलुप्त प्रजाति (B) संकटग्रस्त प्रजाति

(C) आपत्तिग्रस्त प्रजाति (D) इनमें से कोई नहीं

Dodo is

(A) Extinct species (B) Endangered species

(C) Threatened species (D) None of these

3. निम्न में से कौन द्विगुणित संरचना है ?

(A) अण्डाणु (B) भ्रूणपोष

(C) युग्मनज (D) इनमें से सभी

Which of the following is a diploid structure ?

(A) Ovum (B) Endosperm

(C) Zygote (D) All of these

4. निम्न में से कौन पौधा जलोद्भिद है ?

(A) सिंघाड़ा (B) नागफनी

(C) शीशम (D) एकेसिया

Which one is hydrophytic plant ?

(A) *Trapa* (B) Opuntia

(C) *Dalbergia* (D) *Acacia*

5. सर्टोली कोशिकाएँ पायी जाती हैं

(A) वृषण में (B) गर्भाशय में

(C) अंडाशय में (D) यकृत में

Sertoli cells are found in

(A) Testis (B) Uterus

(C) Ovary (D) Liver

6. मनुष्य (पुरुष) में गुणसूत्रों की संख्या है

(A) 44 + XX (B) 44 + XY

(C) 46 + XY (D) 46 + XX

Number of chromosomes in human being (male) is

(A) 44 + XX (B) 44 + XY

(C) 46 + XY (D) 46 + XX

7. गेंडा अभयारण्य किस राज्य में अवस्थित है ?

(A) असम (B) पश्चिम बंगाल

(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

Rhino sanctuary is located in which state ?

(A) Assam (B) West Bengal

(C) Uttar Pradesh (D) Bihar

8. बायोगैस में होता है

(A) $CO_2$ (B) $H_2$

(C) $CH_4$ (D) इनमें से सभी

Biogas contains

(A) $CO_2$ (B) $H_2$

(C) $CH_4$ (D) All of these

9. क्रॉसिंग-ओवर किस अवस्था में होता है ?

(A) लेप्टोटीन (B) सायटोकायनेसिस

(C) पैकीटीन (D) डायकाईनेसिस

In which stage does crossing-over take place ?

(A) Leptotene (B) Cytokinesis

(C) Pachytene (D) Diakinesis

10. पी०सी०आर० से किसकी जाँच होती है ?

(A) HIV का (B) क्षय रोग का

(C) हैजा का (D) कैंसर का

PCR is used to detect

(A) HIV (B) T.B.

(C) Cholera (D) Cancer

11. प्रत्येक जीवित पादप कोशिका से पूर्ण पौधा बन जाता है। इस गुण को कहते हैं

(A) क्लोनिंग (B) सोमाक्लोनल

(C) टोटीपोटेन्सी (D) इनमें से सभी

Every living cell of plant can give rise to the whole plant. This property is known as

(A) Cloning (B) Somaclonal

(C) Totipotency (D) All of these

12. आवृतबीजी पौधों के भ्रूणपोष में गुणसूत्रों की सूत्रगुणता क्या है ?

(A) $n$
(B) $2n$
(C) $3n$
(D) (A) और (C) दोनों

What is the ploidy level of chromosomes in endosperm of angiospermic plant ?

(A) $n$
(B) $2n$
(C) $3n$
(D) both (A) and (C)

13. जब संतति की उत्पत्ति एकल जनक द्वारा होती है, तब यह कहा जाता है

(A) लैंगिक जनन
(B) अलैंगिक जनन
(C) (A) और (B) दोनों
(D) आंतरिक निषेचन

When offspring is formed by single parent, it is called as

(A) Sexual reproduction
(B) Asexual reproduction
(C) Both (A) and (B)
(D) Internal fertilization

14. मानव युग्मकों में गुणसूत्र की कितनी संख्या होती है ?

(A) 21
(B) 23
(C) 44
(D) 46

What is the number of chromosomes present in human gametes ?

(A) 21
(B) 23
(C) 44
(D) 46

15. ओपरन मॉडल क्या प्रदर्शित करता है ?

(A) जीन का संश्लेषण
(B) जीन का एक्सप्रेशन
(C) जीन का रेगुलेशन
(D) जीन का फंक्शन

What does operon model represent ?

(A) Gene synthesis
(B) Gene expression
(C) Gene regulation
(D) Gene function

16. निम्न में से किसका पुष्पासन खाया जाता है ?

(A) शरीफा (B) सेब

(C) नारंगी (D) इनमें से सभी

Thalamus is edible part in which of the following ?

(A) *Annona* (B) Apple

(C) Orange (D) All of these

17. डीएनए निम्न में से किसका आनुवंशिक पदार्थ है ?

(A) टीएमवी (B) बैक्टेरियोफाज

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

DNA is genetic material of

(A) TMV (B) Bacteriophage

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

8. पारिस्थितिक तंत्र की आहार शृंखला में ऊर्जा का प्रवाह होता है

(A) एकदिशीय (B) द्विदिशीय

(C) बहुदिशीय (D) इनमें से कोई नहीं

Flow of energy in food chain of an ecosystem is

(A) Unidirectional (B) Bidirectional

(C) Multidirectional (D) None of these

19. निम्न में से कौन एक जैविक खाद नहीं है ?

(A) *अजोटोबैक्टर* (B) *बैसिलस थुरिन्जिएंसिस*

(C) *अजोला* (D) *क्लॉस्ट्रीडियम*

Which of the following is not a biofertilizer ?

(A) *Azotobacter* (B) *Bacillus thuringiensis*

(C) *Azolla* (D) *Clostridium*

20. क्षय रोग का संक्रमण मुख्यतः किसके द्वारा होता है ?

(A) जल
(B) हवा
(C) कीट
(D) सम्पर्क

Tuberculosis is transmitted by

(A) Water
(B) Air
(C) Insect
(D) Contact

21. जैव रिएक्टर अनुकूलतम परिस्थिति में क्या निर्माण करता है ?

(A) उत्पाद
(B) जीव
(C) माध्यम
(D) इनमें से सभी

Bio-reactors in optimal conditions produce

(A) Product
(B) Organism
(C) Medium
(D) All of these

22. ऋतुस्राव चक्र किसमें होता है ?

(A) मनुष्य में
(B) बंदर में
(C) चिंपैंजी में
(D) इन सभी में

Menstrual cycle occurs in

(A) Human
(B) Monkey
(C) Chimpanzee
(D) All of these

23. द्विखंडन किस में पाया जाता है ?

(A) *अमीबा* में
(B) *पारामीशियम* में
(C) (A) और (B) दोनों में
(D) इनमें से कोई नहीं

Binary fission occurs in

(A) *Amoeba*
(B) *Paramecium*
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

24. डीएनए अणु में साइटोसीन 18% है तो एडिनिन का प्रतिशत क्या होगा ?

(A) 64 (B) 36

(C) 85 (D) 32

In a DNA molecule, the cytosine is 18%, then the percentage of adenine will be

(A) 64 (B) 36

(C) 85 (D) 32

25. विडाल परीक्षण किसकी पुष्टि के लिए किया जाता है ?

(A) मलेरिया (B) टायफायड

(C) एड्स (D) कैंसर

Widal test is done to confirm

(A) Malaria (B) Typhoid

(C) AIDS (D) Cancer

26. HIV निम्न में किस कोशिका पर आक्रमण करता है ?

(A) *B*-कोशिका (B) *T*-कोशिका

(C) इपीथिलियल कोशिका (D) *T*-हेल्पर कोशिका

HIV attacks on which of the following cells ?

(A) *B*-cell (B) *T*-cell

(C) Epithelial cell (D) *T*-helper cell

27. ऐसे पदार्थ जिनके प्रति प्रतिरक्षा अनुक्रिया होती है, उन्हें कहते हैं

(A) एलर्जन (B) टीका

(C) एण्टीबॉडी (D) एन्टीजन

The substances to which an immune response is produced, are called

(A) Allergens (B) Vaccines

(C) Antibodies (D) Antigens

28. एलर्जी के कारण निकलने वाले रसायन हैं

(A) हिस्टामिन (B) सिरोटोनिन

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

Chemical released due to allergy is

(A) Histamine (B) Serotonin

(C) Both (A) and (B) (D) None of these

29. किस फल में बीजचोल खाया जाता है ?

(A) जायफल (B) लीची

(C) शरीफा (D) इनमें से सभी

Aril is edible in which of the following fruits ?

(A) *Myristica* (B) Litchi

(C) *Annona* (D) All of these

30. $SO_2$ प्रदूषण का सूचक है

(A) शैवाल (B) लाईकेन

(C) कवक (D) इनमें से सभी

Indicator of $SO_2$ pollution is

(A) Algae (B) Lichen

(C) Fungi (D) All of these

31. शहद का निर्माण कौन करती है ?

(A) नर मधुमक्खी (B) रानी मधुमक्खी

(C) कार्यकर्त्ता मधुमक्खी (D) (A) और (B) दोनों

Honey is made by

(A) Male honeybee (B) Queen honeybee

(C) Worker honeybee (D) Both (A) and (B)

32. निम्नांकित में कौन-सी बीमारी मुर्गियों में होती है ?

(A) हैजा (B) स्मट

(C) (A) और (B) दोनों (D) रानीखेत

Which disease is found in hen ?

(A) Cholera (B) Smut

(C) Both (A) and (B) (D) Ranikhet

33. इडली एवं डोसा का आटा किस सूक्ष्मजीव के प्रयोग से बनाया जाता है ?

(A) जीवाणु (B) *लैक्टोबैसिलस*

(C) विषाणु (D) यीस्ट

The flour of Idli and Dosa is made by the use of which microbe ?

(A) Bacteria (B) *Lactobacillus*

(C) Virus (D) Yeast

34. एगारोज किससे प्राप्त किया जाता है ?

(A) मक्का (B) समुद्री घास

(C) *साईकस* (D) इनमें से कोई नहीं

Agarose is extracted from

(A) Maize (B) Sea weeds

(C) *Cycas* (D) None of these

35. ओपरेन मॉडल किसने प्रस्तावित किया था ?

(A) वाट्सन तथा क्रीक (B) निरेनबर्ग

(C) जैकॉब तथा मोनाड (D) इनमें से कोई नहीं

Operon model was proposed by

(A) Watson and Crick (B) Nirenberg

(C) Jacob and Monad (D) None of them

36. निम्न में से कौन नर युग्मक से संयोजन कर भ्रूणपोष बनाता है ?

(A) निषत्कांड (B) एन्टीपोडल्स

(C) सहायक कोशिका (D) द्वितीयक केन्द्रक

Which one forms endosperm after fusion with male gamete ?

(A) Oospores (B) Antipodals

(C) Synergids (D) Secondary nucleus

37. एक जीन जोड़ा, दूसरे जीन जोड़ा के प्रभाव को दबा देता है। इस घटना को क्या कहते हैं ?

(A) एपिस्टेसिस (B) प्रभाविता

(C) उत्परिवर्तन (D) इनमें से कोई नहीं

One gene pair hides the effect of another gene pair. This phenomenon is

(A) Epistasis (B) Dominance

(C) Mutation (D) None of these

38. ट्रांसफर आरएनए में पाये जाने वाले तीन क्षारकों का क्रम जो संदेशवाहक आरएनए कोडॉन से बंधता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) त्रिक (B) नन-सेन्स कोडोन

(C) एन्टी-कोडोन (D) समापन कोडोन

A sequence of three bases on *t*RNA which binds to *m*RNA codon is

(A) Triplet (B) Non-sense codon

(C) Anticodon (D) Termination codon

39. वुचरेरिया बैंक्रोफ्टी जो आदमी में फाइलेरिया रोग पैदा करता है, का समूह क्या है ?

(A) प्रोटोजोआ (B) जीवाणु

(C) विषाणु (D) हेलमिन्थ

The group of *Wuchereria bancrofti* which causes filaria in human being is

(A) Protozoa (B) Bacteria

(C) Virus (D) Helminth

40. अधिक अल्कोहल लेने से शरीर का कौन-सा अंग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है ?

(A) फेफड़ा (B) यकृत

(C) स्प्लीन (D) आमाशय

Which organ of the body is most affected by excessive intake of alcohol ?

(A) Lungs (B) Liver

(C) Spleen (D) Stomach

41. मेंडल के नियम का एक अपवाद है

(A) प्रभाविता (B) युग्मक की शुद्धता

(C) सहलग्नता (D) स्वतंत्र अपव्यूहन

An exception of Mendel's law is

(A) Dominance (B) Purity of gamete

(C) Linkage (D) Independent assortment

42. निम्न में से कौन यौन संचारित रोग है ?

(A) टायफायड (B) हैजा

(C) मलेरिया (D) सिफलिस

Which of the following is a sexually transmitted disease ?

(A) Typhoid (B) Cholera

(C) Malaria (D) Syphilis

43. निम्न में से कौन कीटभक्षी पौधे हैं ?

(A) *ड्रॉसेरा* (B) *नेपेन्थीस*

(C) (A) और (B) दोनों (D) *हाइड्रिला*

Which of the following is/are insectivorous plant(s) ?

(A) *Drosera* (B) *Nepenthes*

(C) Both (A) and (B) (D) *Hydrilla*

44. निम्न में से कौन उभयलिंगी प्राणी है ?

(A) मुर्गी (B) साँप

(C) (A) और (B) दोनों (D) केंचुआ

Out of the following which one is hermaphrodite organism ?

(A) Hen (B) Snake

(C) Both (A) and (B) (D) Earthworm

45. क्लोरेला निम्न में से क्या है ?

(A) शैवाल (B) जीवाणु

(C) प्रोटोजोआ (D) एकल कोशिका प्रोटीन

*Chlorella* is a type of

(A) Algae (B) Bacteria

(C) Protozoa (D) Single cell protein

46. 'क्राई-जीन' बॉलकृमि से किस फसल को बचाता है ?

(A) कपास (B) चाय

(C) आम (D) गेहूँ

'Cry-gene' prevents which crop from bollworm ?

(A) Cotton (B) Tea

(C) Mango (D) Wheat

47. निम्न में से डीएनए में कौन-से प्यूरिन बेस है ?

(A) एडेनीन और साइटोसीन (B) साइटोसीन और थायमिन

(C) एडेनीन और गुआनीन (D) इनमें से कोई नहीं

Purine bases of DNA are

(A) Adenine and Cytosine (B) Cytosine and Thymine

(C) Adenine and Guanine (D) None of these

48. कैंसर किस कारण से होता है ?

(A) जीवाणु द्वारा
(B) ऑन्कोजीन द्वारा
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

Cancer is caused by

(A) Bacteria
(B) Oncogenes
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

49. सूक्ष्म प्रजनन में क्या संभव है ?

(A) अलैंगिक प्रजनन
(B) लैंगिक प्रजनन
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is possible in micropropagation ?

(A) Asexual reproduction
(B) Sexual reproduction
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

50. आरएनए के पाइरिमिडिन में पाया जाता है

(A) साइटोसिन एवं थायमिन
(B) एडेनीन एवं गुआनीन
(C) साइटोसिन् एवं यूरेसिल
(D) थायमीन एवं यूरेसिल

Pyrimidines present in RNA are

(A) Cytosine and Thymine
(B) Adenine and Guanine
(C) Cytosine and Uracil
(D) Thymine and Uracil

51. ट्रीपल एंटीजेन टीका का उपयोग किसके लिये नहीं होता है ?

(A) डिफ्थेरिया
(B) पर्ट्यूसिस
(C) टायफायड
(D) टेटनस

Triple antigen vaccine is not used for

(A) Diphtheria
(B) Pertusis
(C) Typhoid
(D) Tetanus

52. निम्न में कौन ग्रीनहाउस गैस *नहीं है* ?

(A) मिथेन (B) क्लोरोफ्लोरोकार्बन

(C) कार्बन डाईआक्साइड (D) नाइट्रोजन

Which of the following is *not* a greenhouse gas ?

(A) Methane (B) Chlorofluorocarbon

(C) $CO_2$ (D) Nitrogen

53. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है

(A) चिड़ियों के लिए (B) बाघों के लिए

(C) गैंडा के लिए (D) घड़ियाल के लिए

Kanha National Park is famous for

(A) Birds (B) Tigers

(C) Rhinoceros (D) Crocodiles

54. निम्न में कौन आहार शृंखला का क्रम सही है ?

(A) घास, गेहूँ और आम (B) बकरी, गाय और घास

(C) घास, बकरी और शेर (D) घास, मछली और बकरी

Which of the following is the correct food chain ?

(A) Grass, Wheat and Mango (B) Goat, Cow and Grass

(C) Grass, Goat and Lion (D) Grass, Fish and Goat

55. न्यूक्लियोसाइड है

(A) शुगर + एक नाइट्रोजन युक्त बेस (B) शुगर + फॉस्फेट

(C) नाइट्रोजन युक्त बेस + फॉस्फेट (D) इनमें से कोई नहीं

Nucleoside is

(A) Sugar + a nitrogenous base (B) Sugar + Phosphate

(C) Nitrogenous base + Phosphate (D) None of these

56. गैमीट निर्माण को कहते हैं

(A) गैमीटोजेनेसिस (B) सायटोकायनेसिस

(C) स्पोरोजेनेसिस (D) इनमें से कोई नहीं

The process of formation of gametes is called

(A) Gametogenesis (B) Cytokinesis

(C) Sporogenesis (D) None of these

57. निम्न में से कौन विषाणु से होने वाली बीमारी नहीं है ?

(A) मम्प्स (B) इंफ्लुएंजा

(C) डिफ्थेरिया (D) मिजिल्स

Which of the following is not a viral disease ?

(A) Mumps (B) Influenza

(C) Diphtheria (D) Measles

58. निम्नलिखित में कौन पशुपालन में सम्मिलित नहीं है ?

(A) मधुमक्खी पालन (B) कुक्कुट पालन

(C) मत्स्यकी (D) कार्बनिक खेती

Which of the following is not included in animal husbandry ?

(A) Bee-keeping (B) Poultry farming

(C) Fish farming (D) Organic farming

59. निम्नलिखित में किसका संबंध माइक्रोबॉयोलोजी से नहीं है ?

(A) लुईस पाश्चर (B) जे० डी० वाटसन

(C) स्टेफेन हेल्स (D) राबर्ट कॉख

Who among the following is not related with microbiology ?

(A) Louis Pasteur (B) J. D. Watson

(C) Stephan Hales (D) Robert Koch

60. एन्टीकोडॉन्स किसमें पाया जाता है ?

(A) एम-आरएनए में
(B) टी-आरएनए में
(C) आर-आरएनए में
(D) इनमें से कोई नहीं

Anticodons are found in

(A) m-RNA
(B) t-RNA
(C) r-RNA
(D) None of these

61. मेंडल ने प्रतिपादित किया

(A) सहलग्नता का नियम
(B) आनुवंशिकता का नियम
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

Mendel proposed

(A) Law of linkage
(B) Law of inheritance
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

62. पृथक्करण के सिद्धांत को और क्या कहते हैं ?

(A) प्रभाविता का नियम
(B) स्वतंत्र अपव्यूहन का नियम
(C) युग्मकों की शुद्धता का नियम
(D) इनमें से कोई नहीं

Law of segregation is also known as

(A) Law of dominance
(B) Law of independent assortment
(C) Law of purity of gametes
(D) None of these

63. नयी प्रजातियों के निर्माण का महत्वपूर्ण कारक है

(A) प्रतियोगिता
(B) उत्परिवर्तन
(C) विलगन
(D) निरंतर विविधता

Which of the following factors is important in the formation of new species ?

(A) Competition
(B) Mutation
(C) Isolation
(D) Continuous variation

64. रेस्ट्रीक्शन एंजाइम है

(A) एक्सोन्यूक्लिएज (B) एन्डोन्यूक्लिएज

(C) लायगेज (D) पॉलीमेरेज

Restriction enzymes are

(A) Exonuclease (B) Endonuclease

(C) Ligase (D) Polymerase

65. राष्ट्रीय उद्यान में सुरक्षा प्रदान की जाती है

(A) फ्लोरा को (B) फाउना को

(C) पारिस्थितिकी तंत्र की (D) (A) और (B) दोनों को

In National Park, protection is provided to

(A) Flora (B) Fauna

(C) Ecosystem (D) Both (A) and (B)

66. द्वितीयक उत्पादकता किससे संबंधित है ?

(A) उत्पादक (B) शाकाहारी

(C) मांसाहारी (D) इनमें से कोई नहीं

Secondary productivity is related to

(A) Producers (B) Herbivores

(C) Carnivores (D) None of these

67. पाश्चुराइजेशन में गर्म करते हैं

(A) केवल दूध को (B) किसी भी तरल को 100°C के ऊपर

(C) किसी भी तरल को 70°C पर (D) इनमें से कोई नहीं

Pasteurization is heating of

(A) milk only (B) any liquid above 100°C

(C) any liquid at 70°C (D) none of these

68. परागभित्ति होती है

(A) एक-स्तरीय (B) द्विस्तरीय

(C) त्रिस्तरीय (D) बहु-स्तरीय

The wall of pollen grain is

(A) Single layered (B) Double layered

(C) Triple layered (D) Multi-layered

69. T-लिम्फोसाइट उत्पन्न होता है

(A) अस्थि-मज्जा से (B) पेट से

(C) थाइमस से (D) यकृत से

*T*-lymphocyte originates from

(A) Bone marrow (B) Stomach

(C) Thymus (D) Liver

70. EcoRI एंजाइम का स्रोत है

(A) Bam H1 (B) *E.coli*

(C) (A) और (B) दोनों (D) Hind111

Source of EcoRI enzyme is

(A) Bam H1 (B) *E.coli*

(C) Both (A) and (B) (D) Hind111

## खण्ड - ब / SECTION - B

### लघु उत्तरीय प्रश्न / Short Answer Type Questions

*प्रश्न संख्या 1 से 20 लघु उत्तरीय हैं । किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है :* **10 × 2 = 20**

*Question Nos. 1 to 20 are Short Answer Type. Answer any 10 questions. Each question carries 2 marks :* *10 × 2 = 20*

1. मेंडल की सफलता के कारणों को लिखें। 2

   Write reasons for success of Mendel.

2. युग्मन और प्रतिकर्षण को परिभाषित करें। 2

   Define Coupling and Repulsion.

3. जी०एम०ओ० पर प्रकाश डालें। 2

   Throw light on G.M.O.

4. मानव अंडाशय के अनुप्रस्थ काट का स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाएँ। 2

   Draw a neat and well labelled diagram of transverse section of human ovary.

5. अल्कोहल के दुष्परिणामों का वर्णन करें। 2

   Describe the ill effects of alcohol.

6. अन्तर्जात प्रतिरक्षा पर प्रकाश डालें। 2

   Comment on Innate immunity.

7. परखनली शिशु किसे कहते हैं ? 2

   What is test-tube baby ?

8. मरुस्थलीय पौधों के पारिस्थितिक अनुकूलन का वर्णन करें। 2

Describe the ecological adaptation of xerophytic plants.

9. अमिबियासिस क्या है ? इसके कारक का नाम बतायें एवं इस रोग के लक्षणों का वर्णन करें। 2

What is Amoebiasis ? Name its causal organism and describe the symptoms of this disease.

10. एलर्जी क्या है ? इसके लक्षणों का संक्षेप में वर्णन करें। 2

What are allergies ? Describe its symptoms in brief.

11. अन्त: प्रजनन क्या है ? 2

What is inbreeding ?

12. क्लाईनफेल्टर सिण्ड्रोम पर प्रकाश डालें। 2

Throw light on Klinefelter's syndrome.

13. DNA प्रतिकृति के लिए आवश्यक किन्हीं दो एन्जाईम के नाम लिखें तथा प्रत्येक के किसी एक विशिष्ट कार्य का वर्णन करें। 2

Name any two enzymes required for DNA replication and mention one specific function of each of them.

14. सूक्ष्मप्रवर्धन क्या है ? इस विधि द्वारा पादपों के उत्पादन के मुख्य लाभ क्या हैं ? 2

What is micropropagation ? What are the main advantages of producing plants through this technique ?

15. एक प्रारूपिक प्रतिपिंड (प्रतिरक्षी) का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाएँ। 2

Draw a neat labelled diagram of a typical antibody.

16. जैव-विविधता हॉटस्पॉट क्या है ? भारत में पाए जाने वाले ऐसे दो हॉटस्पॉट के नाम एवं उनकी विशेषता लिखें। 2

What is biodiversity hotspot ? Write down the names and specialities of two such hotspots of India.

17. संक्षेप में ट्रान्सक्रिप्शन का वर्णन करें। 2

Describe transcription in brief.

18. बायोपाईरेसी (जैविक चोरी) का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। 2

Explain Biopiracy in brief.

19. रक्त के कार्यों को लिखें। 2

Write the functions of blood.

20. ग्लोबल वार्मिंग क्या है ? इसके प्रभावों का वर्णन करें। 2

What is global warming ? Explain its effects.

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न / Long Answer Type Questions

***प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। उत्तर अधिकतम 120 शब्दों में होने चाहिए।*** ***3 × 5 = 15***

*Question Nos. 21 to 26 are Long Answer Type Questions. Answer any 3 questions. Each question carries 5 marks. Give your answer in about 120 words.* *3 × 5 = 15*

21. ऊतक संवर्धन पर एक निबंध लिखें। 5

Write an essay on tissue culture.

22. पुष्पीय पौधों में निषेचन की क्रिया का वर्णन करें। 5

Describe fertilization in flowering plants.

23. रिकम्बिनेन्ट डीएनए तकनीक का संक्षिप्त वर्णन करें। 5

Describe recombinant DNA technology in brief.

24. समुचित उदाहरणों के साथ तीन पारिस्थितिक पिरामिडों का वर्णन करें। 5

Describe three ecological pyramids with suitable examples.

25. जनसंख्या नियंत्रण हेतु गर्भ निरोधन की विभिन्न विधियों की विवेचना करें। 5

Discuss various methods of contraception for the population control.

26. मत्स्य पालन क्या है ? भोजन की गुणवत्ता सुधार में इसकी भूमिका बतायें। 5

What is pisciculture ? Mention its role in enrichment of our food.